# १०. तरुण के स्वप्न

**(क) नीचे दिए गए प्रश्नों के चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए।**

1. "तरुण के स्वप्न" भाषण किस स्वतंत्रता सेनानी का है?
   a) भगत सिंह ☐ c) चंद्रशेखर आजाद ☐
   b) सुभाषचंद्र बोस ☐ d) बाल गंगाधर तिलक ☐
2. सुभाषचंद्र बोस का प्रसिद्ध नारा क्या था?
   a) करो या मरो ☐
   b) स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है ☐
   c) तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा ☐
   d) जय हिंद ☐
3. झाँसी की रानी रेजिमेंट का नेतृत्व किसने किया?
   a) लक्ष्मी सहगल ☐ c) कस्तूरबा गांधी ☐
   b) उषा मेहता ☐ d) अरुणा आसफ़ अली ☐
4. नेताजी किस आंदोलन से जुड़े थे?
   a) असहयोग आंदोलन ☐ c) स्वच्छ भारत आंदोलन ☐
   b) चिपको आंदोलन ☐ d) आज़ाद हिंद फौज ☐
5. नेताजी का सपना किस प्रकार के समाज का था?
   a) जातिवाद से ग्रस्त ☐ c) स्वाधीन और संपन्न ☐
   b) असमानता वाला ☐ d) निरक्षर और पिछड़ा ☐

**(ख) रिक्त स्थान भरिए।**

1. नेताजी का जन्म __________ में हुआ था।
2. "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें _________ दूँगा।"
3. नेताजी ने स्त्रियों की सेना की टुकड़ी का नाम _________ रखा।
4. नेताजी का पूरा नाम _________ था।
5. नेताजी के राजनीतिक गुरु का नाम _________ था।

**(ग) सही कथनों के सामने 'सही' और गलत के सामने 'गलत' लिखिए:**

1. सुभाषचंद्र बोस हिंसा के पक्षधर थे। ☐
2. नेताजी ने आज़ाद हिंद फौज की स्थापना की। ☐
3. झाँसी की रानी रेजिमेंट केवल पुरुषों की टुकड़ी थी। ☐
4. नेताजी के सपनों में स्त्रियों को समान अधिकार देने की बात थी। ☐
5. आज़ाद हिंद फौज का गठन भारत में हुआ था। ☐

**(घ) मिलान कीजिए।**

| स्तंभ A | स्तंभ B | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है। | i. चंद्रशेखर आजाद | 1. _____ |
| 2. करो या मरो | ii. भगत सिंह | 2. _____ |
| 3. मैं आजाद हूँ, आजाद रहूँगा। | iii. बाल गंगाधर तिलक | 3. _____ |
| 4. इंकलाब जिंदाबाद | iv. जवाहरलाल नेहरू | 4. _____ |
| 5. पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव | v. महात्मा गांधी | 5. _____ |

**(ङ) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 2-3 वाक्यों में दीजिए।**

1. नेताजी का सपना किस प्रकार के राष्ट्र का था?
   उत्तर: ____________________________________________
   ____________________________________________
2. झाँसी की रानी रेजिमेंट की स्थापना क्यों की गई थी?
   उत्तर: ____________________________________________
   ____________________________________________
3. नेताजी के प्रसिद्ध नारे का क्या महत्व था?
   उत्तर: ____________________________________________
   ____________________________________________
4. सुभाषचंद्र बोस की शिक्षा से संबंधित एक तथ्य लिखिए।
   उत्तर: ____________________________________________
   ____________________________________________
5. नेताजी को “नेताजी” की उपाधि क्यों मिली?
   उत्तर: ____________________________________________
   ____________________________________________

**(च) नीचे दिए गए प्रश्नों के 4-5 वाक्यों में दीजिए।**

1. नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान लिखिए।
   उत्तर: ____________________________________________
   ____________________________________________
   ____________________________________________
   ____________________________________________
   ____________________________________________
2. “तरुण के स्वप्न” भाषण में दिए गए समाज निर्माण के संदेश पर टिप्पणी कीजिए।
   उत्तर: ____________________________________________
   ____________________________________________
   ____________________________________________
   ____________________________________________
   ____________________________________________

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

**(छ) व्याकरण और भाषा अभ्यास**

**1. नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

i. स्वाधीन - ______________ iv. अकर्मण्य - ______________
ii. निष्ठा - ______________ v. मातृभूम - ______________
iii. त्याग - ______________ vi. विषमता - ______________

**2. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

i. संपन्न x ______________ iv. स्वाधीन x ______________
ii. उन्नति x ______________ v. सत्य x ______________
iii. स्पष्ट x ______________ vi. प्रबल x ______________

**3. नीचे दिए गए वाक्यों में से विशेषण और संज्ञा पहचानकर लिखिए।**

i. "हमें ऐसा समाज बनाना है, जो अखंड सत्य और न्याय पर आधारित हो।"
- ______________ ______________

ii. "शिक्षा और परिश्रम के माध्यम से हर व्यक्ति को उज्ज्वल जीवन का अधिकार मिलेगा।"
- ______________ ______________

iii. "देश की एकता में वह अजय शक्ति है, जो किसी भी बाधा को पार कर सकती है।"
- ______________ ______________

iv. "हमारा सपना एक ऐसे स्वाधीन राष्ट्र का है जहाँ कोई भी पराधीन न हो।"
- ______________ ______________

v. "स्वतंत्रता प्राप्त कर राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक के हृदय में असीम आनंद का संचार होगा।"
- ______________ ______________

vi. "देश की उन्नति के लिए हमें कर्मठ युवाओं की आवश्यकता है।"
- ______________ ______________

**4. नीचे दिए गए वाक्यों में से क्रिया और संज्ञा पहचानकर लिखिए।**

| | **क्रिया** | **संज्ञा** |
|---|---|---|
| i. नेताजी ने स्वतंत्रता का सपना सबके सामने रखा। | -____________ | ____________ |
| ii. युवाओं ने नेताजी के आह्वान को सुना और संघर्ष का संकल्प किया। | -____________ | ____________ |
| iii. उन्होंने कहा कि हर नागरिक को समान अधिकार मिलेंगे। | -____________ | ____________ |
| iv. सुभाषचंद्र बोस ने मातृभूमि की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। | -____________ | ____________ |
| v. आज़ादी का सपना देखते हुए उन्होंने युवाओं को देश के लिए जागृत किया। | -____________ | ____________ |

**5. छात्र "मेरा सपना भारत" पर अनुच्छेद लिख सकते हैं।**

______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

# Answer

(क) बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:

1. b) सुभाषचंद्र बोस
2. c) तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा
3. a) लक्ष्मी सहगल
4. d) आज़ाद हिंद फौज
5. c) स्वाधीन और संपन्न

(ख) रिक्त स्थानों:

1. 23 जनवरी 1897, कटक (ओडिशा)
2. आज़ादी
3. झाँसी की रानी रेजिमेंट
4. सुभाषचंद्र बोस
5. चित्तरंजन दास

(ग) सही-गलत:

1. गलत 2. सही 3. गलत 4. सही 5. गलत

(घ) मिलान:

1. iii 2. v 3. i 4. ii 5. iv

(ङ) लघु उत्तरीय प्रश्न:

1. नेताजी का सपना एक ऐसा राष्ट्र बनाने का था जो स्वतंत्र, संपन्न, जाति-भेद और असमानता से मुक्त हो। हर नागरिक को समान अधिकार और अवसर मिले।
2. यह टुकड़ी महिलाओं को स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी देने और उनके साहस को प्रकट करने के लिए बनाई गई थी।
3. "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा" नारे ने युवाओं में बलिदान और देशभक्ति की भावना को जागृत किया।
4. नेताजी ने आई.सी.एस. (ICS) परीक्षा उत्तीर्ण की थी, लेकिन उन्होंने अंग्रेजी शासन की सेवा छोड़ दी।
5. नेताजी को यह उपाधि जर्मनी में भारतीय सैनिकों ने सम्मान स्वरूप दी थी।

(च) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:

1. सुभाषचंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक में हुआ। उन्होंने ICS पास करने के बाद नौकरी छोड़ दी और स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। वे आज़ाद हिंद फौज के संस्थापक थे। उन्होंने युवाओं को नारा दिया, "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा।" नेताजी ने भारत को स्वतंत्र कराने के लिए विदेशों से भी समर्थन जुटाया। उनका जीवन बलिदान, संघर्ष और देशभक्ति का प्रतीक था।
2. इस भाषण में सुभाषचंद्र बोस ने एक स्वतंत्र, न्यायपूर्ण और समान समाज का सपना प्रस्तुत किया। उन्होंने महिलाओं को समान अधिकार देने, जातिभेद और आर्थिक विषमता को समाप्त करने की बात कही। नेताजी ने युवाओं को कर्तव्यनिष्ठ, कर्मठ और देशभक्त बनने का आह्वान किया। यह भाषण आज भी युवाओं को प्रेरणा देता है।

(छ) व्याकरण और भाषा अभ्यास

1. पर्यायवाची:

i. स्वाधीन – स्वतंत्र
ii. निष्ठा – वफादारी
iii. त्याग – बलिदान
iv. अकर्मण्य – आलसी
v. मातृभूमि – जन्मभूमि
vi. विषमता – असमानता

2. विलोम:

i. संपन्न × विपन्न
ii. उन्नति × अवनति
iii. स्पष्ट × अस्पष्ट
iv. स्वाधीन × पराधीन
v. सत्य × असत्य
vi. प्रबल × दुर्बल

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

3. विशेषण और संज्ञा:

i. अखंड – सत्य, समाज, न्याय

ii. उज्ज्वल – जीवन, शिक्षा, परिश्रम, व्यक्ति, अधिकार

iii. अजय – शक्ति, देश, एकता, बाधा

iv. स्वाधीन – राष्ट्र, सपना

v. असीम – आनंद, राष्ट्र, नागरिक, हृदय

vi. कर्मठ – युवा, उन्नति, देश, आवश्यकता

4. क्रिया और संज्ञा:

i. रखा – नेताजी, स्वतंत्रता, सपना

ii. सुना, किया – युवाओं, नेताजी, आह्वान, संघर्ष, संकल्प

iii. कहा, मिलेंगे – नागरिक, अधिकार

iv. समर्पित किया – सुभाषचंद्र बोस, मातृभूमि, सेवा, जीवन

v. देखते, जागृत किया – आज़ादी, सपना, युवाओं, देश

5. अनुच्छेद:

मेरा सपना है कि भारत एक ऐसा राष्ट्र बने जहाँ हर नागरिक को समान शिक्षा और अवसर मिले। देश में गरीबी, भेदभाव और भ्रष्टाचार का नामोनिशान न रहे। हर बच्चा पढ़े-लिखे, हर व्यक्ति सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। हमारा भारत वैज्ञानिक और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया में अग्रणी बने। यह तभी संभव है जब हम सभी अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाएँ।

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com